NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष:05, अंक:-133, पृष्ठ: 12 | बुधवार, 19 नवम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## दूसरे दिन भी सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी

# सात माओवादी ढेर 50 से ज्यादा अरेस्ट



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में खूंखार माओवादी माड़वी हिड़मा के मारे जाने के एक दिन बार भी सुरक्षाबलों की कार्रवाई जी है। बताया गया है कि राज्य के मारेदुमिल्ली इलाके में हुई मुठभेड़ में सात माओवादी मार गिराए गए। आंध्र प्रदेश खुफिया विभाग के एडीजी महेश चंद्र लड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि जिन माओवादियों की जान गई है, उनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सभी की पहचान की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, मारा गया एक माओवादी मेतुरी जोखा राव उर्फ शंकर था। वह श्रीकाकुलम का रहने वाला था और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर के लिए जिम्मेदारी देख रहा था। वह तकनीकी मामलों का जानकार था। साथ ही हथियारों, संचार से जुड़ी चीजों पर भी उसकी अच्छी पकड़ थी।

इतना ही नहीं आंध्र प्रदेश पुलिस ने राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों से करीब 50 भाकपा (माओवादी) कार्यकताओं को भी गिरफ्तार किया है। यह ऑपरेशन कृष्णा, एलुरु, एनटीआर विजयवाड़ा, काकिनाड़ा और डॉ. बीआर आंबेडकर कोणासीमा जिले में चलाए गए। इससे माओवादी संगठन के दक्षिण बस्तर और दंडाकरन्या नेटवर्क पर गहरी चोट हुई है। पुलिस के मुताबिक, जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें वरिष्ठ माओवादी, संचार मामलों के जानकार, सशस्त्र प्लाटून सदस्य और पार्टी के लोग शामिल हैं। यह सब लोग करीब से माड़वी हिड़मा के साथ काम कर रहे थे, जो कि भाकपा-माओवादी पार्टी की केंद्रीय समिति का सदस्य था।

# कोंडागांव में खड़े ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, 6 लोगों की मौत



**कोंडागांव।** जिले में देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो परिवारों के 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना मसोरा टोल प्लाजा के पास उस समय हुई, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। स्कॉर्पियो में कुल 11 लोग सवार थे, जो बड़े डोंगर ग्राम के रहने वाले थे और मूवी देखकर घर लौट रहे थे।

पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जोरदार प्रभाव के कारण 6 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें स्थिति गंभीर होने पर जगदलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही कोंडागांव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सड़क किनारे खड़े ट्रक पर किसी प्रकार की चेतावनी लाइट या रिफ्लेक्टर नहीं लगे थे, जिससे रात के अंधेरे में स्कॉर्पियो चालक को ट्रक की मौजूदगी का अंदाजा नहीं हो पाया। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है।मृतकों में लखन माड़वी, भूपेंद्र माड़वी, रूपेश माड़वी, नूतन मांझी और शत्रुघ्न मांझी की पहचान हो चुकी है, जबकि एक अन्य मृतक की पहचान की प्रक्रिया जारी है। परिजनों और ग्रामीणों में हादसे के बाद शोक का माहौल है। बड़े डोंगर गांव में एक साथ छह लोगों की मौत से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है।

# नीतीश कल 11:30 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए आज और कल का दिन खास है। आज, बुधवार को वह 2020 का कार्यकाल पूरा कर इस्तीफा देने जाएंगे। 19 नवंबर से उन्होंने मौजूदा विधानसभा भंग करने की सिफारिश रविवार को ही कर दी थी। आज वह मौजूदा सीएम के पद से इस्तीफा देंगे। राज्यपाल उन्हें इस्तीफे के समय से आगे कार्यवाहक मुख्यमंत्री का पद संभालने कहेंगे। इस औपचारिकता के साथ ही मुख्यमंत्री कल, 20 नवंबर को भव्य शपथ ग्रहण समारोह के लिए नई सरकार का दावा पेश करेंगे। कल 11:30 बजे के आसपास शपथ ग्रहण समारोह शुरू होगा। मुख्यमंत्री लगभग 12:00 बजे शपथ लेंगे। इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शाम पटना पहुंचेंगे। वह रात में नीतीश कुमार के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद एनडीए के नेताओं के साथ डिनर करेंगे। इसे लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है।

भाजप-जदयू के बाद एनडीए की बैठक आज 11:00 से 12:30 बजे के बीच में भाजपा और जदयू के विधायक दल की की अलग-अलग बैठक है। इसके बाद 3:30 बजे विधानसभा के सेंट्रल हॉल में 3:30 बजे एनडीए विधायक दल की बैठक है। इसमें आज यह भी तय हो जाएगा कि नई एनडीए सरकार में कौन और कितने मंत्री होंगे? सूचना मिल रही है कि 20 नवंबर को नीतीश कुमार के साथ 23 मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। इसमें भाजपा और जदयू से 10-10, लोजपा (रा.), हम, रालोमो से एक-एक मंत्री शामिल हैं। हालांकि, 36 मंत्री बनने हैं लेकिन, बाकी बाद में शपथ लेंगे। डिप्टी सीएम पद पर सम्राट चौधरी का नाम तय है। दूसरे डिप्टी सीएम के लिए विचार चल रहा है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष पद पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार के नाम की चर्चा है।



NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# राजस्थान में शीतलहर, हिमाचल में झरने जमे





**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा ठंडा मौसम माउंट आबू रहा। यहां न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा कई शहरों में रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री नीचे है। मंगलवार रात 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को आधे राजस्थान में शीतलहर चलेगी।

मध्य प्रदेश में मंगलवार को भोपाल समेत प्रदेश के 17 जिलों में शीतलहर चल रही है। इस बीच, भोपाल में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री का इजाफा हुआ है। पारा चढ़कर 8.2 डिग्री पर पहुंच गया। पचमढ़ी में तापमान 6.4 और इंदौर में 7.7 डिग्री दर्ज किया गया। 5.8 डिग्री तापमान के साथ राजगढ़ प्रदेश में सबसे ठंडा शहर रहा। भोपाल में लगातार 11वें दिन शीतलहर चली। नवंबर की ठंड का ऑल टाइम रिकॉर्ड पहले ही बन चुका है। इधर, हिमाचल प्रदेश में शीतलहर के चलते ठंड लगातार बढ़ रही है। लाहौल और कुल्लू में झरने भी जमने लगे हैं। राज्य के आठ स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे रिकॉर्ड किया गया है। मंगलवार को कुकुमसेरी (-5.1 डिग्री से.) सबसे ठंडा रहा। इसके अलावा केलांग में -0.2, कल्पा में 2.6, मनाली में 2.9, सेऊबाग में 2.0 और भुंतर में 4.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बर्फीली हवा से मध्य प्रदेश ठिठुर रहा है। सुबह-रात के बाद अब दिन भी ठंडे हैं। मंगलवार को 15 से ज्यादा जिलों में ठंडी हवाएं चलीं। बुधवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। दूसरी ओर, अब कोहरे का असर भी देखने को मिलेगा। भोपाल में मंगलवार शाम से ही धुंध छाने लगी। 18 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम रहा। राजगढ़ सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर भारत से चल रही बर्फीली हवाओं से राजस्थान में सर्दी तेज होने लगी है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा ठंडा मौसम माउंट आबू रहा। यहां न्यूनतम तापमान शून्य पर चला गया। मैदानी इलाकों में मंगलवार को सबसे ज्यादा सर्दी नागौर, फतेहपुर में रही। यहां न्यूनतम तापमान 5.5 और 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

पंजाब में पिछले 24 घंटों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कुछ दिनों से तापमान लगातार गिर रहा था, लेकिन अब इसमें धीरे-धीरे बढ़ना शुरू हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। हालांकि, पहाड़ों से हवाएं अब भी चल रही हैं, लेकिन उनकी रफ्तार बहुत धीमी हुई है। इसी कारण आने वाले दिनों में मैदानों में हल्की धुंध छाने की संभावना है।

## यूपीः होमगार्ड भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**लखनऊ।** प्रदेश में होमगार्ड स्वयंसेवकों के 41,424 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने मंगलवार से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की विज्ञप्ति जारी कर दी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 दिसंबर निर्धारित की गई है। बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर आवेदन करने का लिंक जारी कर दिया है। ऑनलाइन आवेदन से पहले अभ्यर्थियों का भर्ती बोर्ड के वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रणाली में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक शासन द्वारा होमगार्ड स्वयंसेवकों के पद पर भर्ती के लिए जारी शासनादेश के क्रम में 18 नवंबर से 17 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें पुरुष और महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। महिलाओं को 20 फीसद आरक्षण भी मिलेगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 100 अंकों की सामान्य ज्ञान की ओएमआर आधारित लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अवधि दो घंटा होगी।

तत्पश्चात, चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक मानक परीक्षा, दस्तावेजों का सत्यापन और शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। तत्पश्चात चयनित अभ्यर्थियों की जिलावार मेरिट सूची जारी की जाएगी। बता दें कि अभ्यर्थी अपने जिले के रिक्त पदों के सापेक्ष ही आवेदन कर सकेंगे।

## शेख हसीना के बेटे ने भारत का जताया आभार





**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई गई है। इस बीच हसीना फिलहाल सुरक्षित भारत में मौजूद हैं। भारत की तरफ से अपदस्थ पीएम को इस तरह सुरक्षा दिए जाने पर शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने बुधवार को न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में भारत सरकार की तारीफ की है और कहा है कि वे इसके लिए पीएम मोदी की सरकार के आभारी रहेंगे।

अमेरिका के वर्जीनिया में रह रहे सजीब ने कहा, भारत हमेशा से एक अच्छा दोस्त रहा है। संकट के समय भारत ने मेरी मां की जान बचाई है। अगर वो बांग्लादेश नहीं छोड़तीं, तो उग्रवादियों ने उनकी हत्या की योजना बना ली होती। इसलिए मैं अपनी मां की जान बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का हमेशा आभारी रहूंगा।

शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर सजीब ने कहा, प्रत्यर्पण के लिए न्यायिक प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है। बांग्लादेश में एक अनिर्वाचित, असंवैधानिक और अवैध सरकार है। मेरी मां को दोषी ठहराने के लिए, उनके मुकदमे की सुनवाई तेज करने के लिए कानूनों में संशोधन किया गया। यानी इन कानूनों में अवैध रूप से संशोधन किया गया। मेरी मां को अपने बचाव पक्ष के वकील नियुक्त करने की अनुमति नहीं थी। ट्रायल से पहले ही अदालत के 17 जजों को बर्खास्त कर दिया गया, नए जज नियुक्त किए गए, जिनमें से कुछ को बेंच पर काम करने का बिल्कुल भी अनुभव नहीं था और वे राजनीतिक रूप से जुड़े हुए थे। इसलिए, कोई उचित प्रक्रिया नहीं थी। प्रत्यर्पण के लिए उचित प्रक्रिया का होना आवश्यक है।

## जेल में नाराज हुए आजम खां, मांगा ए कैटेगरी का कारागार



**रामपुर।** सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को पैनकार्ड मामले में सात साल की सजा हुई है। आजम खां ने कोर्ट से ए कैटेगरी की जेल की मांग की है, जबकि रामपुर जेल बी कैटेगरी में आती है। सोमवार रात आजम ने घर से कंबल की मांग की। जब जेल प्रशासन ने उनसे मना किया तो आजम खां नाराज हो गए।

जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि आजम और उनके बेटे अब्दुल्ला ने घर से कंबल की मांग की थी। परिवार के लोग उन्हें रात में कंबल देने भी पहुंचे, लेकिन जेल नियमों के अनुसार उन्हें वापस कर दिया गया। उन्होंने बताया कि रामपुर जेल बी कैटेगरी की है। आजम को सोमवार को जेल में बना खाना दिया गया। मंगलवार को भी उन्हें जेल में बना ही खाना दिया गया। उन्होंने खाना खाया। उधर, जेल सूत्रों के अनुसार आजम ने जेल स्टाफ से घर के कंबलों की मांग की थी। मना करने के दौरान आजम जेल स्टाफ पर नाराज भी हुए। आजम बैरक नंबर एक में बंद हैं।

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिले विदेश मंत्री जयशंकर



**मॉस्को।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पुतिन को शुभकामनाएं और बधाई दीं। यह मुलाकात भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले हुई है। बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'आज मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की शुभकामनाएं पहुंचाईं। उन्हें आगामी भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाओं पर भी चर्चा हुई। हमारे रिश्तों को और मजबूत करने के लिए उनके विचार और मार्गदर्शन को बहुत महत्व देता हूं।'

बता दें कि इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के अन्य सरकारी प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ मिलकर राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। जयशंकर ने लिखा, 'आज दोपहर एससीओ के अन्य प्रतिनिधिमंडल प्रमुखों के साथ राष्ट्रपति पुतिन से मिला।' शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सरकार प्रमुखों की परिषद की बैठक में अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दोहराया। उन्होंने साफ कहा कि आतंकवाद का किसी भी रूप में कोई औचित्य नहीं है, उससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता और न ही उसे लेकर लीपापोती की जा सकती है। जयशंकर ने कहा, 'हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद, इन तीन बुराइयों से लड़ने के लिए हुई थी। पिछले वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। पूरी दुनिया को आतंकवाद के हर रूप के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी।' जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत को अपने नागरिकों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और वह इसे किसी भी कीमत पर करेगा। साथ ही उन्होंने रउड से अपील की कि वह संगठन के मूल सिद्धांतों पर कायम रहे और सुधारों की जरूरत पर भी जोर दिया। एससीओ सरकार प्रमुखों की परिषद की 24वीं बैठक 17 और 18 नवंबर को मॉस्को में हुई थी।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
बुधवार, 19 नवम्बर 2025


# मथुरा में नशीला पदार्थ खिलाकर किशोरी से दुष्कर्म

- अश्लील फोटो और वीडियो भी बनाए, आरोपित दे रहे धमकियां

**नौहझील** एनएनआई। थाना क्षेत्र में एक किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपित ने किशोरी के अश्लील वीडियो व फोटो भी बना लिए हैं। आरोपित किशोरी पर घर से भागने का दबाव बना रहा है। ऐसा नहीं करने पर वीडियो व फोटो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित करने की धमकी दी है।

नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते दिनों उनकी बेटी को प्रिंस नामक युवक अपने घर ले गया, जहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। आरोपित ने बेटी को डरा-धमका दिया। इससे उसने घर में कुछ नहीं बताया। आरोपित प्रिंस, उसका बड़ा भाई कुशल और पिता बेटी की ज्यादा उम्र कराने के लिए आधार कार्ड बनवाने को अलीगढ़ गए, लेकिन वहां कुछ काम नहीं हुआ। वापस आते समय आरोपित प्रिंस ने एक कमरे में फिर बेटी से दुष्कर्म किया। आरोपित पिता व भाई बेटी पर प्रिंस के साथ भागने का दबाव बना रहे हैं। दो दिन पूर्व बेटी ने मामले की जानकारी दी। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में दिव्यांगों के लिए बनेगा रैंप

एनएनआई

**मथुरा।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने शपथपत्र दिया कि अब वह इन दुकानों को किराये पर नहीं उठाएंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में स्थित दुकानें खाली होने के बाद श्रद्धालुओं के हित के लिए इनका प्रयोग किया जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि ट्रायल कोर्ट ने 30 अगस्त 2025 को भी उनके पक्ष में फैसला सुनाया था, लेकिन प्रतिवादियों ने इस निर्णय को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने भी श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के हित में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सभी दुकानों को खाली करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि दुकानें खाली होने के बाद वहां पर दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए रैंप और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

साथ ही कुछ दुकानों को श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भी विकसित किया जाएगा। ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े। दुकानों के अनाधिकृत कब्जे के चलते वहां पर कोई निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह रास्ता साफ कर दिया है।

दुकानदारों की याचिकाएं खारिज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित



श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में दुकानों के कब्जे को लेकर चल रहे 25 साल से विवाद को समाप्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि संस्था एक सार्वजनिक धार्मिक एवं धर्मार्थ ट्रस्ट है। उसकी संपत्तियां यूपी किराया कानून के दायरे से बाहर हैं। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने दुकानें खाली करने का आदेश देते हुए दुकानदारों की याचिकाएं खारिज कर दीं। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने अशोक राघव, पदमा राघव व तीन अन्य की याचिका पर दिया है।

1944 में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्मस्थान के जीर्णोद्धार का काम शुरू हुआ था। 1951 में जुगल किशोर बिड़ला ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट की स्थापना की। 1958 में इसके प्रबंधन के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान नामक सोसाइटी पंजीकृत कराई। संस्थान ने परिसर के अंदर कुछ दुकानें बनवाकर उन्हें लाइसेंस के आधार पर 11 महीने के लिए अशोक राघव, पद्मा राघव और हरीश राघव को किराये पर दी थी। संस्थान ने 2000-2002 के दौरान इनके खिलाफ बेदखली के मुकदमे दायर किए। ट्रायल कोर्ट ने 30 अगस्त 2025 के आदेश से संस्थान के पक्ष में फैसला सुनाया। किरायेदारों ने इसको हाईकोर्ट में चुनौती दी।

याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि संस्थान एक सार्वजनिक धार्मिक या धर्मार्थ ट्रस्ट नहीं है। इसलिए उत्तर प्रदेश अर्बन बिल्डिंग एक्ट-1972 लागू होना चाहिए, जो किरायेदारों को ज्यादा सुरक्षा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान के सचिव कपिल शर्मा के पास उनके खिलाफ मुकदमा दायर करने का अधिकार नहीं था। वहीं, प्रतिवादी संस्थान अधिवक्ता हरेराम त्रिपाठी ने दलील दी कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थान पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में है। दुकानों पर अनधिकृत कब्जे के चलते वहां पर दिव्यांगों व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है।

# दरभंगा एक्सप्रेस में छूटी एक साल की बच्ची

## आरपीएफ ने सकुशल माता-पिता से मिलाया



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक सराहनीय कार्य करते हुए दरभंगा एक्सप्रेस में छूटी एक साल की बच्ची को उसके माता-पिता से मिला दिया। यह घटना तब हुई जब माता-पिता कौरारा स्टेशन पर अपनी बड़ी बेटी को शौच कराने के लिए ट्रेन से उतरे थे। बिहार के शिवहर थाना क्षेत्र के चित्रहारी गांव निवासी मोहम्मद रईस आलम अपनी पत्नी रुखसार परवीन और दो बेटियों, ढाई वर्षीय रिम्शा परवीन तथा एक वर्षीय राहत परवीन के साथ मुजफ्फरपुर से दरभंगा एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली के नरेला जा रहे थे।

ट्रेन जैसे ही कौरारा रेलवे स्टेशन पर रुकी, मोहम्मद रईस आलम और रुखसार परवीन अपनी बड़ी बेटी को शौच कराने के लिए नीचे उतर गए। इसी दौरान ट्रेन चल पड़ी और भीड़ के कारण वे वापस कोच में नहीं चढ़ पाए। उनकी छोटी बेटी राहत परवीन कोच में सोती रह गई। पीड़ित माता-पिता ने तत्काल स्टेशन अधीक्षक को बच्ची के ट्रेन में छूट जाने की सूचना दी। इसके बाद टूंडला कंट्रोल को जानकारी दी गई, जिसके परिणामस्वरूप ट्रेन को टूंडला स्टेशन पर रोका गया। आरपीएफ ने बच्ची को सकुशल ट्रेन से उतारकर उसके माता-पिता को सौंप दिया।

# प्रभारी मंत्री ने बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज की प्रगति जांची

एनएनआई

**हाथरस।** प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक की। उन्होंने जनपद की शीर्ष प्राथमिकता वाले सात कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

बैठक में जिलाधिकारी अतुल वत्स ने सिकंदराराऊ में बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमि चिह्नीकरण, मेडिकल कॉलेज निर्माण, सासनी-नानऊ मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, ऑडिटोरियम, स्टेडियम के उच्चीकरण, स्ट्रीट फूड जोन विकसित करने और पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम पर जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई व प्रगति से अवगत कराया। सीडीओ पीएन दीक्षित ने बताया कि सिकंदराराऊ में बस स्टैंड




के लिए कृषि भूमि चिह्नित की गई है। इसके अधिग्रहण हेतु शासन को पत्र भेजा गया है और मामला विचाराधीन है। मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए सासनी में पराग डेयरी की भूमि का चिह्नीकरण हो चुका है, जिसके अधिग्रहण के लिए अंतरविभागीय हस्तांतरण किया जाना है।

सीडीओ ने बताया कि सासनी-नानऊ मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सौंदर्यीकरण, मरम्मत और निर्माण कार्य जारी है, जिसे निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने टीबी मुक्त अभियान के तहत जनपद में 3,95,162 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जानकारी दी। बलगम जांच और एक्स-रे के माध्यम से 3,384 मरीजों की पहचान की गई है, जिनका इलाज चल रहा है। एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों और रैलियों के आयोजन की जानकारी दी।

सिकंदराराऊ में ट्रामा सेंटर के संचालन की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। नगर पालिका के ईओ ने बताया कि स्ट्रीट फूड जोन के निर्माण के लिए एक समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य तत्काल शुरू कर 31 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। शहर में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। इस दौरान बैठक में विधायक अंजुला सिंह माहौर, विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष श्याम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष हाथरस श्वेता चौधरी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नाले में मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त



एनएनआई

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र बोदला चौकी मोती हॉस्पिटल के पास आज सुबह नाले में एक व्यक्ति का शव मिला है। उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकलवाया। तलाशी लेने पर जेब से एक फोन, कुछ चाबियां, बेटनोवेट ट्यूब, और तंबाकू मिली है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी देख रही है ताकि शव की पहचान हो सके।कलवारी निवासी रोहित ने बताया कि वह सुबह 10 बजे करीब नाले के पास घूम रहा था, तभी उसे नाले में एक व्यक्ति की लाश दिखाई दी। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को सूचना दी, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। शव तीन-चार दिन का बताया जा रहा है और पूरी तरीके से सड़ चुका था। पकड़ने पर शरीर की खाल निकल रही थी और शव में से बदबू आ रही थी।

# नकली दवा कांड: हिमांशु अग्रवाल को हाईकोर्ट से मिली जमानत

एनएनआई

**आगरा।** बहुचर्चित नकली दवाइयों के बड़े जखीरे की बरामदगी से जुड़े मामले में बड़ा मोड़ आया है। हे मां मेडिको के संचालक हिमांशु अग्रवाल को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। स्थानीय अदालत द्वारा जमानत अर्जी खारिज किए जाने के बाद आरोपी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जहां सुनवाई के बाद अदालत ने रिहाई के आदेश जारी कर दिए।

मामला थाना कोतवाली में दर्ज है। केस के मुताबिक, सहायक औषधि आयुक्त (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन) नरेश मोहन दीपक ने हिमांशु अग्रवाल के साथ-साथ यूनिस, वारिस, विक्की कुमार, सुभाष कुमार और फरहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि उनकी मिलीभगत से बड़ी मात्रा में संदिग्ध और अवैध दवाओं की



आपूर्ति की जा रही थी।

जांच तब और गहरा गई जब छापेमारी के दौरान 12 बोरे दवाइयां बरामद हुईं। मौके से पुलिस ने टेम्पो चालक आकीर मलिक निवासी सैंया को पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह यह माल हे मां मेडिको के गोदाम तक पहुंचाने जा रहा था। उसने यह भी खुलासा किया कि यूनिस, वारिस और फरहान उसे दवाओं की सप्लाई थमाते थे और यदि रास्ते में कोई पूछताछ होती, तो वे ₹लेदर का मालर₹ होने की बात कहकर निकल जाते थे।

इसके बाद एसटीएफ फील्ड इकाई के निरीक्षक यतीन्द्र शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न जिलों के औषधि निरीक्षकों ने मोती कटरा स्थित सैय्यद गली के गोदाम पर बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी में अतिरिक्त दवाइयों के कई सैंपल उठाए गए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। स्थानीय अदालत ने गंभीर आरोपों को देखते हुए हिमांशु की जमानत पहले खारिज कर दी थी। इसके बाद आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश नारायण शर्मा ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की। सभी तथ्यों और दलीलों पर विस्तृत सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत स्वीकार करते हुए उनकी रिहाई के आदेश जारी किए। इस फैसले के बाद अब पुलिस और औषधि विभाग की अगली कार्रवाई पर सभी की निगाहें हैं।

# जूनियर ट्रंप कल करेंगे ताजमहल का दीदार

## 40 देशों के 126 विशेष मेहमान भी देखेंगे ताजमहल

एनएनआई

**आगरा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बेटा जूनियर ट्रंप जूनियर ताजमहल का दीदार करने पहुंचेगा। गुरुवार को डोनाल्ड ट्रंप जूनियर के अलावा 40 देशों के 126 विशेष मेहमान भी ताजमहल देखने पहुंचेंगे। इसके लिए प्रशासन ने विशेष तैयारी की है।

विशेष विमान से डोनाल्ड ट्रंप जूनियर दोपहर 1.30 बजे खेरिया हवाई अड्डे पहुंचेंगे। इसके बाद वे ताजमहल देखने के लिए जाएंगे। 2020 में अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपनी पत्नी के साथ ताजमहल देखा था। डोनाल्ड ट्रंप जूनियर की ताजमहल पर यह पहली विजिट है।वहीं, नई दिल्ली के सिटी मॉंटेसरी स्कूल सोसाइटी द्वारा 26वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ चीफ जस्टिस ऑफ द वर्ल्ड का आयोजन कराया जा रहा है। 19 से 4 नवंबर तक होने वाले इस आयोजन के तहत 40 देशों के 126 मेहमान आगरा आएंगे। इनमें कई पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस शामिल हैं। यह सभी सुबह 10 बजे आगरा आएंगे।

दिल्ली से सभी मेहमान लग्जरी बसों से आगरा आएंगे। प्रशासन द्वारा इन सभी मेहमानों के लिए तैयारी की जा रही है। विशेष सचिव गृह अभय कुमार ने डीएम को पत्र लिखकर व्यवस्थाएं कराने को कहा है। सभी अतिथियों के लिए विशेष प्रोटोकॉल रहेगा। ट्रैफिक आदि की व्यवस्था भी देखी जाएगी। सभी मेहमान गुरुवार को ही दिल्ली लौट जाएंगे।

# पूर्व मंत्री के फ्लैट में मिला कर्मचारी का शव, परिवार के लोगों ने लगाए आरोप

**आगरा** एनएनआई। समाजवादी पार्टी से पूर्व राज्यमंत्री और वर्तमान में भाजपा नेता नितिन गुप्ता के फ्लैट की ऊपरी मंजिल पर उनके कर्मचारी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के परिवार के लोगों ने थाने पर हंगामा किया और साक्ष्य मिटाने के आरोप लगाए हैं। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

नितिन गुप्ता ने पुरानी विजय नगर कालोनी में विजय क्लब के पास अपार्टमेंट बनाया है। यहां फ्लैट की ऊपरी मंजिल पर सोमवार शाम उनके कर्मचारी परवेज का शव मिला था। मृतक 38 वर्षीय परवेज, नितिन की कार का चालक था। बताया जा रहा है कि लेंटर गिरने से उसकी मौत हुई है। मृतक के स्वजन ने नितिन पर सीसीटीवी और साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाया है। आरोपित भाजपा नेता को थाना हरीपर्वत पुलिस ने अभी पूछताछ के लिए बिठा रखा है। समाचार लिखे जाने तक मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# कूड़ा डालने को लेकर विवाद, दो हुए घायल

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के विद्यानगर टेडी बगिया में कूड़ा डालने को लेकर रविवार रात गंभीर विवाद हो गया। आरोप है कि युवकों ने बुजुर्ग व उनके बेटे पर लाठी-डंडों और टैचिया से हमला कर दिया। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं।

धर्मवीर सिंह के अनुसार उनके पिता सरमुख सिंह अपने घर के बाहर बैठे थे। वहीं पड़ोसी दरोगा रामनाथ सिंह भी मौजूद थे। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला राहुल कूड़ा डालने के लिए खाली प्लॉट में पहुंचा। दरोगा जी ने उसे कूड़ा डालने से मना किया, जिस पर राहुल गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर राहुल ने सरमुख सिंह का कॉलर पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर मौके पर राकेश एवं विशाल भी आ गए और मारपीट में शामिल हो



गए। पिता को बचाने पहुंचे धर्मवीर के भाई राजबहादुर पर भी हमला किया गया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और टैचिया से प्रहार किए, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना के दौरान काफी भीड़ जमा हो गई। बीच-बचाव में रामनाथ सिंह व विष्णम्बर सिंह ने दोनों को बचाया। प्रार्थी के अनुसार, हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

घायल पिता और भाई को साथ लेकर पीड़ित परिवार ने थाना ट्रांस यमुना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बैंक से निकाले 50 हजार रुपये उड़ा ले गई चोरनियां

**आगरा** एनएनआई। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में सोमवार दोपहर दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात से हड़कंप मच गया। बोदला कलवारी निवासी मदीना पत्नी मुस्ताक खाँ ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 3:24 बजे पंजाब नेशनल बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर घर लौट रही थीं। बैंक के बाहर कुछ अज्ञात महिलाएं उनके पीछे-पीछे चलीं, जिसका उन्हें उस वक्त संदेह नहीं हुआ। जैसे ही मदीना रामबाग चौराहे के पास पहुंचीं, तभी उन महिलाओं ने मौका पाकर उनके पास रखे 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। घटना का पता लगते ही पीड़िता के होश उड़ गए। पीड़िता ने थाना एत्माद्दौला में पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। घटना से क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है। मदीना के छोटे भाई राशिद ने भी घटना की पुष्टि की है। थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि आरोपित महिलाओं की पहचान कर गिरफ्तार किया जा सके।



# चलती बाइक में लगी आग, युवक ने कूदकर बचाई जान

**आगरा** एनएनआई। थाना छत्ता क्षेत्र स्थित यमुना किनारे रोड पर बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब चलती बाइक अचानक धू-धूकर जलने लगी। बाइक सवार युवक ने मौके की नजाकत समझते हुए समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक में अचानक चिंगारी उठी और कुछ ही सेकंड में आग भड़क गई। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आसपास मौजूद लोगों ने बाल्टी और बोतलों से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। घटना के कारण यमुना किनारे रोड पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैफिक को सुचारू कराया और जली हुई बाइक को रास्ते से हटवाया। हादसे में युवक को कोई चोट नहीं आई है।

NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 19 नवम्बर, 2025


# हाईवे पार करने पर लगातार जान गंवा रहे लोग

- एत्मादपुर में नहीं थम रहा आम जनता के साथ होने वाले सड़क हादसों का सिलसिला
- बरहन तिराहा पर फिर बहा खून, बाइक सवार पूर्व बीडीसी सदस्य समेत दो ग्रामीणों की मौत


हाइवे 'जाम' नाकाफी इंतजाम
सड़क पार करते युवक की बची जान, कंटर के नीचे फंसी स्कूटी



मृतक शमशाद और अशोक कुमार बघेल।

एनएनआई

**एत्मादपुर।** नगर में हाइवे पार करते समय क्षेत्रीय आम जनता लगातार जान गंवा रही है। यहां होने वाले हादसों के सिलसिले की रोकथाम को क्षेत्रीय पीड़ित जनता वर्षों से ओवर ब्रिज और बाईपास निर्माण की मांग कर रही है। लेकिन यहां से फरार्टे में गुजरने वाले जिम्मेदार राजनेता और अफसरान रोजाना अनदेखी कर रहे हैं। यही कारण है कि नगर के बरहन रोड तिराहा और तहसील चौराहा पर होने वाले जानलेवा सड़क हादसों का ग्राफ थमने के बजाए लगातार बढ़ रहा है। विगत दिवस सहालग के चलते हाइवे पर जाम के हालात थे। मैन लाइनों के अलावा सर्विस रोड पर भी वाहन रेंगते हुए चल रहे थे। इसी दौरान बरहन तिराहा पार करते समय बाइक सवार ग्राम पंचायत मितावली के मजरा बिहारीपुर निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक कुमार बघेल (50 वर्ष) और गांव के ही निवासी टूंडला ट्रांसपोर्ट एजेंसी के मुनीम शमशाद (48 वर्ष) की टैंकर के चालक ने जल्दीबाजी के चक्कर में जान ले ली। टैंकर के नीचे बाइक आने पर गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार शमशाद ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक कुमार बघेल की इलाज के दौरान सांसें थम गईं। एक साथ दो लोगों की मौतें होने से क्षेत्रीय जनता में जबरदस्त आक्रोश है। सोशल मीडिया पर लोग तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। क्षेत्रीय जनता का कहना है कि नगर में बरहन तिराहे और तहसील चौराहे पर सड़क पार करते समय आये दिन हादसों में लोग असमय जान गंवा रहे हैं। लेकिन जनप्रतिनिधि सुगमता से रास्ता पार करने के लिए कोई समाधान नहीं दे रहे हैं।




न्यूज नेक्स्ट इंडिया 05 अपना आगरा
एलिवेटेड रोड देगा जाम से निजात


स्कूली बच्चों को थका रहा हर रोज का जाम

## प्रगति कार्य में सुधार लाएं अधिकारी:मंडलायुक्त

### मण्डल स्तरीय कर-करेत्तर और आईजीआरएस की हुई समीक्षा बैठक

एनएनआई

**आगरा।** मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सभागार में मण्डल स्तरीय कर-करेत्तर एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कर वसूली की समीक्षा की गयी। वाणिज्य कर में मण्डल के सभी जिले क्रमिक मासिक उपलब्धि के लक्ष्य से पीछे रहे। आगरा जिले की प्रगति सबसे कम रही। प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी में अपर जिलाधिकारी वित्त से समन्वय कर आरसी वसूली में गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश दिए। स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन में भी चारों जिले क्रमिक उपलब्धि के लक्ष्य से पीछे रहे। वहीं गत वर्ष के सापेक्ष मथुरा की खराब रही। प्रगति में सुधार लाने हेतु एआईजी स्टांप अधिकारी को एक माह में कम से कम 50 प्रकरणों का निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। आबकारी मद में वसूली की प्रगति संतोषजनक रही। विद्युत मद में मथुरा को छोड़कर सभी जिले की प्रगति खराब रही। निर्देश दिए कि आरसी की वसूली की जाए। खनिज में फिरोजाबाद की प्रगति में सुधार लाया जाए। विधिक माप विज्ञान में आगरा व मथुरा की प्रगति में सुधार लाया जाए। परिवहन मद में क्रमिक माह उपलब्धि में सभी जिले लक्ष्य से पीछे रहे। विशेषकर आगरा की प्रगति व रैंकिंग सुधार लाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिए। तत्पश्चात आईजीआरएस की समीक्षा की गयी। मण्डलीय प्रभारी व अपर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि आईजीआरएस में आगरा मण्डल की रैंक 6वीं है। बैठक में अपर आयुक्त न्यायिक कंचन शरन, जिलाधिकारी आगरा अरविंद मलप्पा बंगारी, मथुरा जिलाधिकारी सी पी सिंह, फिरोजाबाद जिलाधिकारी रमेश रंजन और मैनपुरी जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त शुभांगी शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त मथुरा डॉ. पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त फिरोजाबाद विशू राजा, अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार, आरटीओ अरूण कुमार, बी डी शुक्ला संयुक्त आयुक्त स्टेट जीएसटी आदि मौजूद रहे।




## ताजमहल पहुंचे इंग्लैंड के पर्यटकों का 'ऑपरेशन टूरिस्ट डिलाइट' में स्वागत



**आगरा (एनएनआई)।** इंग्लैंड से ताजमहल का दीदार करने आए पर्यटकों का पूर्वी प्रवेश द्वार पर विशेष स्वागत किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त पीयूष कांत राय के निर्देशन में संचालित 'ऑपरेशन टूरिस्ट डिलाइट' के तहत थाना ताज सुरक्षा की टीम ने पर्यटकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया। थानाध्यक्ष रूबी सिंह द्वारा गठित टीम में शामिल उपनिरीक्षक प्रशिक्षु प्रिया बंसल ने पर्यटकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने ताजमहल भ्रमण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी और पूरे भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। पर्यटकों ने उत्तर प्रदेश पुलिस और पर्यटन पुलिस द्वारा दिए गए सहयोग, सुरक्षा और सहज वातावरण के लिए आभार व्यक्त किया। एसीपी ताज सुरक्षा पीके राय का कहना है कि विदेशी पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आगरा की ऐतिहासिक धरोहर का अनुभव उनके लिए यादगार बन सके।

# सीएम डैशबोर्ड और मण्डलीय विकास कार्यों की हुई समीक्षा

एनएनआई



**आगरा।** आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड एवं मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की गयी। विगत माह की अपेक्षा इस माह में आगरा की रैंकिंग गिरकर 70, मथुरा की 58, फिरोजाबाद की 49 और मैनपुरी 22वें स्थान पर खिसक गयी। रैंकिंग में सुधार लाने हेतु सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यक्रमों की तुलनात्मक समीक्षा की गयी।

उद्यान विभाग में आगरा और मथुरा की रैंकिंग में सुधार करने के लिए पर ड्राप मोर क्राप-माइक्रोइरीगेशन में समय सीमा के बाद लम्बित आवेदनों का निस्तारित करने के निर्देश दिए। ग्राम्य विकास में आगरा की रैंकिंग खराब होने पर निर्देश दिए कि डे एनआरएलएम की प्रगति की निरंतर समीक्षा करते रहें। मण्डल के चारों जिलों में नियोजन में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप फैमिली आई डी के सृजन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। महिला एवं बाल विकास में गत 3 माह के पोषण अभियान की समीक्षा करते हुए ज्यादा से ज्यादा कुपोषण व सैम बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जाए। पीडब्लूडी में सेतुओं के निर्माण, नई सड़कों के निर्माण एवं सड़कों के अनुरक्षण के अवशेष कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर भुगतान भी किया जाए। ओवरऑल निर्माण कार्य में जिलाधिकारियों और मुख्य विकास अधिकारियों को आगरा मण्डल में प्रगतिमान सभी निर्माण कार्यों की समीक्षा करने एवं निर्धारित समय पर सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण कर चारों जिलों की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में देखा गया कि गत माह में आगरा जिले में सबसे कम आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये गये हैं। निर्देश दिए गये कि गोल्डन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी लाई जाए। 70 वर्ष की उम्र से अधिक के लोगों के भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में बहुत कम आवेदन आने पर निर्देश दिए कि सभी सरकारी कर्मचारियों एवं पात्र शिक्षकों को उक्त योजना में शामिल किया जाए, सभी से आवेदन करवाएं जाएं।

# राष्ट्रीय जल पुरस्कार में आगरा नगर निगम को मिला तीसरा स्थान



एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम को छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में नगर निकाय श्रेणी में देश में तीसरा स्थान मिला है। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा आगरा की महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा व नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल को पुरस्कृत किया गया।

महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा ने बताया कि आगरा नगर निगम को नगर निकाय श्रेणी में देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। महापौर ने कहा कि नगर निगम लगातार विकसित भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहा है। इस क्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण, स्वच्छ हवा के बाद अब आगरा को जल प्रबंधन की दिशा में भी राष्ट्रीय स्तर पर अवॉर्ड मिला है। राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करना गौरवपूर्व पल था। इसका श्रेय नगर निगम आगरा की टीम व आगरा की जनता जनार्दन को जाता है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय द्वारा जारी छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में नगर निकाय श्रेणी में पहला स्थान महाराष्ट्र के नवी मुंबई, दूसरा स्थान गुजरात के भावनगर और तीसरा स्थान उत्तर प्रदेश के आगरा व पश्चिम बंगाल के नबादीगंता को संयुक्त रूप से मिला।

आगरा नगर निगम ने स्मार्ट सिटी के तहत पानी बचाने की दिशा में बेहतर व्यवस्था तैयार की है। इसी व्यवस्था के तहत ताजगंज क्षेत्र के छह वार्ड और तीन गांव को 24 घंटे पानी देने के लिए योजना बनाई गई। इसके लिए जीवनी मंडी वॉटर वर्क्स से ताजगंज तक 1200 एमएम की पानी की लाइन बिछाई गई। साथ ही यहां स्मार्ट मीटर स्काडा सिस्टम लगाया गया। इसके अलावा पानी की लीकेज को रोकने के लिए लीकेज - ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया। इस सिस्टम में जगह-जगह पर मीटर लगाए जाते हैं, जो प्रेशर के बारे में जानकारी देते हैं। इससे अगर कहीं पानी का लीकेज होता है तो उसका तत्काल सिग्नल मिल जाता है। वहीं, यह मीटर पानी की खपत का भी हिसाब रखते हैं।

# दौरे के मरीज भी जी सकते हैं सफल जीवन

- राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर न्यूरोलॉजिकल सोसायटी आगरा एवं यूपी-यूके न्यूरोसाइंस सोसायटी ने अवेयरनेस सेमिनार और पत्रकों द्वारा लोगों को किया जागरूक




एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर सोमवार को न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी आगरा एवं यूपी-यूके न्यूरोसाइंस सोसाइटी के बैनर तले आगरा के जाने-माने न्यूरोसर्जन और न्यूरो फिजिशियन द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। दिन में सभी चिकित्सकों ने अपने-अपने क्लीनिक और अस्पताल पर पेंफलेट वितरित कर मरीजों और तीमारदारों को जागरूक किया, वहीं शाम को महात्मा गाँधी मार्ग स्थित होटल ब्लू सफायर में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। डॉ. अरविंद अग्रवाल ने कहा कि मिर्गी का दौरा भूत पिशाच का असर नहीं है। दौरा छूने या खाँसने के कारण नहीं फैलता। यह एक सामान्य चिकित्सकीय स्थित है। 60 फीसदी दौरे के मरीज उपचार के एक से तीन साल में ठीक हो जाते हैं। डॉ. आलोक अग्रवाल ने कहा कि सुप्रसिद्ध खिलाड़ी जोंटी रोड्स, संगीतकार माइक स्किनर, उपन्यासकार थॉम जोन्स और जाने-माने दार्शनिक सुकरात सहित कई हस्तियाँ दौरे की बीमारी से ग्रसित रही हैं। दौरे से ग्रस्त मरीज इन प्रसिद्ध हस्तियों की तरह उचित उपचार के साथ सावधानीपूर्वक सफल जीवन जी सकते हैं। डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि यह गलत धारणा है कि जूता या चप्पल सूँघने से दौरा ठीक हो जाता है। यह भी भ्रांति है कि दौरा विवाह करने के पश्चात अपने आप ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि दौरा ग्रस्त सभी व्यक्ति मंदबुद्धि नहीं होते। उन्होंने समझाया कि आमतौर पर लोग मानते हैं कि मिर्गी का मरीज अपनी जीभ को निगल सकता है, यह बिल्कुल गलत है। इसलिए मरीज की जीभ को पकड़ने की कोशिश न करें। डॉ. विनय अग्रवाल ने उपचार संबंधी आवश्यक बातें बताते हुए कहा कि मरीज को डॉक्टर द्वारा निर्देशित दवाएँ नियमित रूप से खानी चाहिए। दौरे के मरीज द्वारा खाई जाने वाली दवाओं की जानकारी घर के बाकी सदस्यों को भी होनी चाहिए। दवा की मात्रा स्वयं ही कम या ज्यादा नहीं करनी चाहिए। इस दौरान डॉ. मयंक अग्रवाल, डॉ. राजीव बंसल, डॉ. उद्धव बंसल और गोपाल शर्मा ने भी जागरूकता संबंधी विचार व्यक्त किए। सभी चिकित्सकों ने इस अवसर पर जागरूकता पत्रक विमोचन करके जारी भी किया।

# सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, जीवन रक्षा का संकल्प : प्रो. पी.बी झा

एनएनआई

**आगरा।** सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, जीवन रक्षा का संकल्प है इस जागरूकता अभियान के तहत आगरा कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब ने मंगलवार को मनोविज्ञान विभाग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सी. के. गौतम के संदेश के साथ हुई। उन्होंने सड़क सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर छात्रों की जागरूकता को भविष्य की सुरक्षित राह से जोड़ते हुए सराहना की।

उपप्राचार्य प्रो. पी. बी. झा ने अपने संबोधन में कहा कि हर नागरिक का दायित्व है कि वह यातायात नियमों का पालन करे। उन्होंने खासतौर पर युवा वर्ग को चेताया कि जोश में होश न खोएं। तेज रफ्तार और लापरवाही का नतीजा अक्सर दुखद होता है। मनोविज्ञान विभाग की प्रो. पूनम चांद ने प्रतिभागियों से सड़क सुरक्षा के संदेश को जीवन में उतारने का



आग्रह किया। सड़क सुरक्षा विषय पर निबंध लेखन, क्विज प्रतियोगिता, और पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं, जिन्हें निर्णायक मंडल ने बारीकी से मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अल्पना ओझा, डॉ. चेतन गौतम, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. दिग्विजय पाल सिंह, डॉ. सुनीता यादव, डॉ. जिनेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शिवकुमार सिंह ने किया, जबकि संचालन डॉ. अनुराग पालीवाल द्वारा हुआ। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रवि शंकर सिंह ने प्रस्तुत किया। आयोजन में डॉ. अंशु चौहान, डॉ. अनुराधा नेगी, डॉ. दीपाली सिंह, डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. राम प्रकाश पाल और डॉ. ललिता सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

कार्यक्रम में डॉ. श्याम गोविंद सिंह, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह, डॉ. मनीष शुक्ला, डॉ. गौरव प्रकाश, डॉ. जावेद अहमद, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. निखिलेश, डॉ. राजेश सक्सेना सहित अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# आगरा मेट्रो: आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन से खंदारी रैंप तक सिविल कार्य पूरा

## तेजी से चल रहा है फिनिशिंग का काम


एनएनआई



**आगरा।** आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन से खंदारी रैंप तक सिविल संरचना का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है और फिनिशिंग का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन आकार ले रहा है और जल्द ही परिचालन के लिए तैयार हो जाएगा। इसी प्रकार, खंदारी रैंप क्षेत्र में ट्रैक का काम भी तेजी से चल रहा है। आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन, कॉलेज जाने वालों और दिल्ली गेट, संजय प्लेस और खंदारी जैसे आस-पास के इलाकों में जाने वाले यात्रियों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसी प्रकार, एसएन मेडिकल कॉलेज मेट्रो स्टेशन, आगरा कॉलेज मेट्रो स्टेशन और राजा की मंडी मेट्रो स्टेशन भी अंतिम चरण में पहुँच चुके हैं और बहुत जल्द, आगरा मेट्रो रेल परियोजना के पहले कॉरिडोर के पूरे भूमिगत खंड पर परिचालन शुरू हो जाएगा।

# नशा मुक्त भारत के लिए लिया संकल्प

## नशे से खुद को और परिचितों को भी रखेंगे दूर



एनएनआई

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग द्वारा सेठ पदमचंद जैन संस्थान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे न केवल अपने समाज, परिवार और मित्रों को, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त रखेंगे। विद्यार्थियों ने स्वीकार किया कि बदलाव की शुरूआत हमेशा स्वयं से होती है और इसी भावना के साथ उन्होंने भारत देश को नशामुक्त बनाने की शपथ ली।

इस अवसर पर डॉ. श्वेता चौधरी ने बताया कि नशे की समस्या भारतीय युवाओं में तेजी से बढ़ रही है। पंजाब में ड्रग्स एक गंभीर सामाजिक संकट बन चुका है, देश के पर्वतीय क्षेत्रों में भी नशे का प्रसार चिंताजनक रूप से बढ़ा है, वहीं दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में ड्रग्स नेटवर्क युवाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. रुचिरा प्रसाद, डॉ. स्वाति माथुर, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. श्वेता गुप्ता, अर्पिता दुबे, लक्की आर्या एवं प्रेरणा कत्याल की उपस्थिति रही।

## नशे से दूर रहने को रेलवे कर्मियों ने भी ली शपथ




एनएनआई

आगरा। नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रेलवे के मण्डल कार्यालय के प्रांगण में नशा मुक्त भारत अभियान की सभी अधिकारियो/ कर्मचारियों को शपथ ग्रहण कराई। जिसमें नशा मुक्त भारत अभियान की शपथः- युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं और युवाओं की शक्ति का समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए, यह बहुत जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ें। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए, आज हम नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एकजुट होकर यह संकल्प लेते हैं कि न केवल समाज, परिवार, मित्र, बल्कि हम स्वयं भी नशा मुक्त होंगे क्योंकि बदलाव की शुरूआत स्वयं से होनी चाहिए।तो आइए हम सब मिलकर अपने ज़िले / राज्य को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लें।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि नशा समाज और व्यक्ति दोनों के लिए एक गंभीर चुनौती है। इससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशा-मुक्त रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

## डीएम से की रोहता नहर मार्ग को सही कराने की मांग

एनएनआई

आगरा। ग्वालियर रोड़ स्थित रोहता चौराहे से दिगनेर शमसाबाद को जोड़ने वाले मार्ग पर आए दिन ट्रेफिक लोड ज्यादा रहता इस बहुत गहरे गहरे गडढे हो गए हैं। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

सड़क के खराब होने के कारण उक्त मार्ग पर भीषण जाम लग जाता हैं। आप जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय किसान यूनियन भानू के चरन सिंह पहलवान एवं किसान नेता सोमवीर यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। अगर इस रोड़ को जल्दी मरम्मत नहीं कराया गया तो भाकियू भानू जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी।

जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। मुख्य रूप से चरण सिंह पहलवान प्रदेश संगठन मंत्री कमलेश शास्त्री जी प्रदेश उपाध्यक्ष सोमवीर यादव प्रदेश सचिव मुकेश पाठक से सहसचिव उत्तर प्रदेश सुरेंद्र सिंह आगरा मंडल प्रभारी राजकुमार प्रदेश सहसचिव बलदेव पहलवान गुरमीत सिंह विकम सिंह आदि मौजूद रहे।

## सर्वाइकल कैंसर का घातक बीमारियों में तीसरा स्थान

■ सर्वाइकल कैंसर शिविर में 100 युवतियों का निःशुल्क हुआ टीकाकरण



एनएनआई

आगरा। लड़कियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रेवो रियल्टी ग्रुप व एक पहल बीआर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का आयोजन रेनबो हॉस्पिटल, सिकंदरा, आगरा में किया गया।

रेवो रियल्टी के संस्थापक फरहान साफी ने कहा कि लड़कियों में सर्वाइकल कैंसर घातक बीमारियों में तीसरे स्थान पर आता है। टीकाकरण के माध्यम से इस बीमारी को देश से समाप्त करने में सहायता मिल सकती है। 9 से 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए यह वैक्सीन विशेष रूप से उपयोगी है, जो शरीर को इस संक्रमण से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करती है। प्रारंभिक जांच और समय पर टीकाकरण से इसका उपचार सरल और प्रभावी बन जाता है। रेवो रियल्टी के हरजीत सिंह ने बताया कि शिविर में एक पहल पाठशाला और बीडी कॉन्वेंट स्कूल की लगभग 100 छात्राओं का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। साथ ही सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक पहल संस्था से मनीष राय, ईभा गर्ग, अंकित खंडेलवाल, मानस राय, बरखा राय व नवीन कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

## इंडो-उज्बेक के बीच भाषा, साहित्य, अनुवाद, योग, शोध पर हुआ विचार विमर्श




एनएनआई

आगरा। इंडो-उज्बेक अकादमिक एवं सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के तहत उज्बेकिस्तान स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वर्ल्ड लैंग्वेजेज, ताशकंद के बारह-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के के. एम. मुंशी के विदेशी भाषा विभाग का दौरा किया। यह दौरा दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

दौरे की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों द्वारा प्रतिनिधिमंडल का गरिमापूर्ण स्वागत-सत्कार करके की गई। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने छात्रों के समक्ष एक संवाद सत्र आयोजित किया, जिसमें दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक और सांस्कृतिक सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान भाषा, साहित्य, अनुवाद, योग, शोध और ऑनलाइन शिक्षण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने भविष्य में छात्रों और शिक्षकों के विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त शोध परियोजनाओं और बहुभाषीय पाठ्यक्रमों की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इस कार्यक्रम ने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ दोनों देशों के शैक्षणिक संबंधों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए इस महत्वपूर्ण समझौते पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सहयोग शिक्षा, अनुसंधान और सांस्कृतिक विनिमय के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने बताया कि इस समझौते के अंतर्गत न केवल छात्र और शिक्षक विनिमय कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, बल्कि शोध के विभिन्न क्षेत्रों में भी संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा। साहित्यिक समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी से उज्बेकी और उज्बेकी से हिंदी अनुवाद के क्षेत्र में विशेष पहल की जाएगी, जिससे दोनों देशों की भाषाई और सांस्कृतिक समझ और गहरी होगी।

रूसी भाषा के शिक्षक अनुज गर्ग ने उज्बेकी प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की समृद्ध ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, मजबूत शैक्षणिक परंपरा और विकास यात्रा के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय के आधुनिक बुनियादी ढांचे, तकनीकी सुविधाओं, विविध विभागों, प्रचलित तथा नवीनतम पाठ्यक्रमों, शोध-उपक्रमों और राष्ट्रीयझअंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त उपलब्धियों का विस्तृत परिचय दिया।

# किरावली में अज्ञात शव मिलने से मचा हडकम्प

एनएनआई



**किरावली।** जिले के अंतर्गत थाना किरावली व तहसील परिसर के बीच सर्विस रोड पर अरहम वेदम आयुर्वेदिक उपचार संस्थान के ठीक सामने एक अज्ञात शव मिलने से हड़कम्प मच गया। जिसके बाद सूचना पर पहुँची किरावली पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर आगरा मोर्चरी में भिजवा दिया है और शव की शिनाख्त हेतु पुलिस जांच पडताल में जुट गयी है।

वही आपको बता दे कि मृतक आज सुबह करीब 11 बजे अरहम वेदम आयुर्वेदिक उपचार संस्थान पर दवा लेने के लिए आया था। लेकिन डॉक्टर ने दवा देने से मना कर दिया और उसने इसी अस्पताल के बाहर तड़प तड़प कर अपना दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना अस्पताल स्टाफ में से किसी ने भी पुलिस को नही दी। साथ ही अछनेरा सर्किल के अंतर्गत थाना अछनेरा व किरावली में पूर्व में भी इस प्रकार के अज्ञात शव मिले है, लेकिन पुलिस आजतक उन घटनाओं का अनावरण नही कर पायी है। अब देखना होगा कि क्या पुलिस इस घटना का अनावरण करती है या नही।




# मोबाइल और फास्टफूड से बिगड़ रहा बचपन

**बाह एनएनआई।** परिषदीय विद्यालयों का सोशल ऑडिट हुआ था। सोशल ऑडिट के बाद मंगलवार को बाह के ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर जनसुनवाई हुई। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के शिक्षा संकाय एवं राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा की टीम ने जनसुनवाई कर आंगनबाड़ी से लेकर आठवीं तक के बच्चों को खेल खेल में शिक्षा दिए जाने के तौर तरीके समझाए। दीनबंधु शर्मा ने बताया कि बच्चों को मोबाइल और फास्टफूड से दूर रखें, मोबाइल बच्चों के मानसिक विकास को छीन रहा है, जबकि फास्टफूड सेहत को बिगाड़ रहा है। बचपन को बचाने के लिए उनकी पुस्तकों से दोस्ती कराएं, पढ़ने को नियमित रूप से भेजें, खेल खेल में पढ़ाने के लिए जागरुक एवं प्रेरित किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अमरनाथ, राजीव शर्मा, रतन सिंह, अशोक कुमार, अमित अग्रवाल, नीतू गुप्ता, बबली शर्मा, किरन, सविता, गीता राठौड, नीलम मिश्रा, ममता पुरवंशी आदि रहे।

# शिकायत पर एसडीएम ने किया मलिकपुर माइनर का निरीक्षण

एनएनआई

**किरावली।** मलिकपुर गाँव के किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी ने मंगलवार को मलिकपुर माइनर का मौके पर निरीक्षण किया, जहां सफाई कार्य में भारी अनियमितताएँ पाई गईं।

गाँव मलिकपुर के किसान–गुलाब सिंह, कल्याण सिंह, प्रेम चाहर, जलसिंह, रेनू, देवो सिंह, भगवान सिंह, छीतर सिंह आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया था कि माइनर की लगभग पाँच किलोमीटर की लम्बाई में इस वर्ष ठीक तरह से सफाई नहीं कराई गई है। किसानों का आरोप है कि न तो सिल्ट उठाई गई और न ही गूल-रिबटी की सही तरीके से सफाई की गई। कई स्थानों पर सरपत, झाड़ियाँ और झांखर अभी भी ज्यों की त्यों खड़ी हैं। किसानों ने यह भी बताया कि गाँव सरसा की ओर से गटर का गंदा पानी माइनर में आ रहा है, जिससे पानी जहरीला हो रहा है और रबी की फसलों–गेहूं, सरसों व आलू–की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों के अनुसार वे पूरी तरह नहर और माइनर पर निर्भर हैं, ऐसे में लापरवाही से उनकी फसलें खतरे में पड़ सकती हैं। निरीक्षण के बाद एसडीएम नीलम तिवारी ने माना कि सफाई कार्य पूरी तरह संतोषजनक नहीं पाया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में सिंचाई विभाग के अधिकारियों, ठेकेदार, राजस्व टीम एवं किसानों को साथ लेकर पुनः निरीक्षण कराया जाएगा और जहां भी कमी है, तुरंत सही तरीके से सफाई कराई जाएगी।

# अन्नपूर्णा मुहिम ने दिया 13 हजार फीट पाइप व 4 मोटर का दान

**अछनेरा एनएनआई।** संत रामपाल जी महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम ने साधनखेड़ा गाँव के किसानों को भारी जलभराव से बचाने के लिए अब तक की सबसे बड़ी मदद दी है। मुहिम के तहत ग्राम पंचायत को 13,000 फीट पाइप, 10 एचपी की 4 मोटर और 2,500 मीटर वायर स्थायी उपयोग के लिए प्रदान किए गए। कई दिनों से खेतों में जमा पानी से फसलें बर्बाद होने की कगार पर थीं, ऐसे में इस सहयोग से किसानों ने बड़ी राहत महसूस की। पंचायत द्वारा आयोजित समारोह में ग्रामीणों ने इस निस्वार्थ सेवा के लिए संत रामपाल जी महाराज का आभार व्यक्त किया और इसे गाँव को मिली अब तक की सबसे बड़ी सहायता बताया। ग्राम पंचायत ने कहा कि यह सामग्री भविष्य में भी किसी भी आपदा की स्थिति में किसानों के काम आएगी, और यह समाज सेवा का एक मजबूत व प्रेरक उदाहरण है।




# अधिवेशन में नारी सुरक्षा पर किया फोकस

**बाह एनएनआई।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत मंगलवार को जरार के सांवलिया वीर गार्डन में संकुल स्तरीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन हुआ। विश्वास प्रेरणा संकुल संगठन के तत्वाधान में हुए आयोजन का शुभारंभ प्रभारी खंड विकास अधिकारी दिलीप कुमार, केनरा बैंक जरार के प्रबंधक जयेश दीक्षित एवं उपनिरीक्षक स्वाती चौधरी, एडीओ रतेन्द्र कुमार, अमित गुप्ता, अंगद कुमार आदि ने किया। अधिवेशन में महिलाओं की आर्थिक प्रगति के लिए स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। ब्लॉक मिशन प्रबंधन रतनेश समाधिया, अक्षय श्रीवास्तव, ब्रजपाल यादव ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ कर महिलाएं आत्मनिर्भर होकर समाज में सम्मान पा रही हैं। अधिवेशन में महिला समूहों की उपलब्धियां, उनके प्रयास एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई।

# सर्किट हाउस में पर्यटन मंत्री ने की नगर निकायों की समीक्षा

**किरावली एनएनआई।** सर्किट हाउस आगरा में प्रदेश के माननीय पर्यटन मंत्री एवं आगरा प्रभारी ठाकुर जयवीर सिंह ने सोमवार को नगर निकायों के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में किरावली नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवीना सिंह, खेरागढ़ अध्यक्ष सुधीर गर्ग, पिनाहट अध्यक्ष रामरती देवी और फतेहाबाद अध्यक्ष बबीता शाल्या सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मंत्री ने निकाय क्षेत्र में चल रहे प्रमुख विकास कार्यों की प्रगति जानी। अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यों के दौरान आने वाली व्यावहारिक बाधाओं एवं तकनीकी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री जयवीर सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विकास परियोजना में अनावश्यक देरी या अवरोध न आने पाए।



उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरे किए जाएं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पोनियां ने भी नगर निकायों को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में निकायों की आवश्यकताओं, आगामी योजनाओं और जमीनी स्तर पर सुधार के लिए समन्वय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

# खेलते-खेलते पानी के ड्रम में गिरकर मासूम की मौत

**पिनाहट एनएनआई।** थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव मदनपुर में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिससे पूरे गांव में मातम छा गया। घर के बाहर खेल रहा दो वर्षीय कृष्णा पुत्र स्व. जोगेंद्र अचानक पानी से भरे ड्रम में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने देखा कि कृष्णा खेलते-खेलते अचानक कहीं गायब हो गया। परिवार के लोग घबराए हुए उसे आसपास तलाशने लगे। करीब एक घंटे की खोज के बाद परिजनों को पानी से भरे एक ड्रम पर शक हुआ। जैसे ही उन्होंने ड्रम में झांका तो भीतर मासूम कृष्णा दिखाई दिया। घटना देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजन बच्चे को बाहर निकालकर सीएचसी पिनाहट लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से पूरे गांव में शोक व माहौल गमगीन हो गया है।



# तेज रफ्तार कैंटर ने ऑटो में मारी टक्कर, एक की मौत

**पिनाहट एनएनआई।** बसई अरेला क्षेत्र के पिनाहटझअरनोटा मार्ग स्थित गिट्टी प्लांट के पास मंगलवार शाम सड़क हादसा हो गया। आगरा की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे एक कैंटर ने सवारी से भरे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क पर उछलकर पलट गया, जिससे उसमें बैठे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घायल होने वालों में ऑटो चालक खुशीराम पुत्र वीर सिंह अरनोता निवासी, कंचन पुत्री लकी निवासी रघुनाथपुरा मामा के घर फतेहाबाद जा रही थी,गौरी निवासी छतौलीपुरा पिनाहट से कोचिंग के बाद अपने घर वापस लौट रही थी, संजय पुत्र रामखिलाड़ी निवासी बांसौनी नौकरी के लिए अंबाला जा रहा था। यह चारों गंभीर रूप से घायल हो गए.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कैंटर तेज गति से आ रहा था और अचानक सामने आए ऑटो में सीधी टक्कर मार दी।

सूचना पर थाना प्रभारी बसई अरेला अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पिनाहट भेजवाया । डॉक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए सभी घायलों को हायर सेंटर आगरा रेफर कर दिया। वहीं ऑटो चालक खुशीराम की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## जनसंपादकीय

# वंशवाद की ढलती शाम

2025 के बिहार विधानसभा चुनाव का धुआँ अभी छँटा भी नहीं कि तस्वीर एकदम साफ झलकने लगी।कांग्रेस की अगुवाई वाले महागठबंधन का पतन ऐतिहासिक रहा। 243 सीटों में से कांग्रेस केवल एक पर सिमट गई। यह हार सिर्फ.एक चुनावी नतीजा नहीं, राहुल गांधी के नेतृत्व पर गहरा अविश्वास भी है। ठीक वैसे ही जैसे इस साल हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में देखा गया। आज कांग्रेस घटकर केवल तीन राज्यों में रह गई है, और इंडिया गठबंधन में भी साथी दल उससे दूरी बना रहे हैं। बिहार का नतीजा अब एक आईना है जिसमें कांग्रेस न दिशा लिए दिखाई देती है, न उद्देश्य।

**नेतृत्व द्वारा एस्केपिज्म का खेल–**इस राजनीतिक मलबे के बीच होंठों पर वही पुराने बहाने हैं। राहुल गांधी ने नतीजों को चौंकाने वाला और अनफेयर करार देकर जमीनी हकीकत से अपने फासले को ही उजागर किया। मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मीटिंग में फिर वोट चोरी का रोना। वही पुरानी स्क्रिप्ट जो अब असरहीन हो चुकी है। यह नेतृत्व नहीं, बचने की कोशिश है। राहुल का दृष्टिकोण अब भी वहीं अटका है कि विपक्ष का मतलब हर सरकारी निर्णय का विरोध करना है, चाहे अर्थव्यवस्था का मामला हो, विदेश नीति हो या सुधारों का। जबकि असली विपक्ष वह होता है जो वैकल्पिक दृष्टि दे, तर्कपूर्ण आलोचना करे और अपनी नीति गढ़े।

> गांधी परिवार की रणनीति हमेशा यह रही है कि पार्टी का मुखिया कोई ऐसा व्यक्ति हो जो काबू में रहे। वर्तमान अध्यक्ष खड़गे इस सोच के लिए बिल्कुल मुफीद साबित हुए। पार्टी के हर स्वतंत्र या प्रभावशाली नेता को धीरे-धीरे किनारे लगाया गया। ममता बनर्जी बाहर हो गईं, शरद पवार को ठंडे बस्ते में भेज दिया गया, जगन रेड्डी दूर चले गए, हेमंत विश्व शर्मा जैसे नेता अपमानित महसूस कर निकल गए। सिंधिया, देवरा, थरूर, पायलट एक लंबी फेहरिस्त है उन लोगों की जिन्होंने या तो हार मान ली या दरकिनार कर दिए गए। सवाल यह नहीं कि गाड़ी का पहिया पंचर है, बल्कि यह है कि गाड़ीवान को मंज़िल का पता ही नहीं। राहुल गांधी आज पीटर पैन की तरह दिखते हैं, जिन्हें बड़ा होना ही मंजूर नहीं।

**एक रिएक्शन मशीन बन चुकी पार्टी**

राहुल के युग में कांग्रेस एक रिएक्शन पार्टी बन गई। न विजन, न दिशा। हर बयान में गुस्सा है, हर बयान में असुरक्षा। चुनाव आयोग को कैदी, लोकतंत्र को घेराबंदी में बताने वाली भाषा जनता के भरोसे को ही कमजोर करती है। यह वक्त है कि पार्टी अपनी राजनीति में गरिमा लाए। टकराव नहीं, संवाद तलाशे; दीवारें नहीं, पुल बनाए।

**नई राजनीति की जरूरत**

बिहार की शिकस्त एक संकेत है। कांग्रेस को बुनियादी पुनर्गठन की जरूरत है। नेतृत्व, विचार और चेहरों, तीनों में नवाचार जरूरी है। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पुरानी सियासत अब असरदार नहीं रही, विशेषकर बिहार जैसे सूबे में जहाँ जातीय समीकरण ही राजनीति की रीढ़ हैं। आरजेडी पर निर्भरता और यादव, मुस्लिम वोट बैंक की उम्मीद कांग्रेस को बार-बार कमजोर साबित करती रही है। जबकि एनडीए ने हिंदू वोटों के एकत्रीकरण, (कंसोलिडेशन) से अपनी स्थिति मजबूत की है। कांग्रेस को अब धर्मनिरपेक्षता के अपने पुराने ढाँचे से बाहर निकलकर, एक समावेशी सांस्कृतिक बहुलता का नया नैरेटिव पेश करना होगा। कांग्रेस के पास अब खोने को कुछ नहीं बचा, न प्रतिष्ठा, न जनविश्वास। इंडिया गठबंधन के सहयोगी भी उसकी हिंदी पट्टी की कमजोरी से बेचैन हैं। वक्त आ गया है पार्टी नई पीढ़ी को निर्णायक जिम्मेदारी दे, बूढ़ी हो चुकी दरबारी राजनीति को किनारे रखे, और युवाओं की आकांक्षाओं, रोजगार, शिक्षा सुधार, डिजिटल समानता, पर केंद्रित नई राजनीति शुरू करे। राहुल गांधी को अब यह स्वीकार करना होगा कि नेतृत्व सिर्फ उपस्थिति का नाम नहीं होता। 2009 की बुलंदी से अब तक के सफर में कांग्रेस का वोट शेयर बीस प्रतिशत से नीचे गिर चुका है, यह सिर्फ.आंकड़ा नहीं, एक संकेत है कि जनता अब बदलाव चाहती है। अगर राहुल पीछे हटते हैं, तो पार्टी के पास रीसेट का मौका है, ठीक वैसे जैसे भाजपा ने आडवाणी युग के बाद अपने को नया रूप दिया था। लेकिन अगर नहीं हटते, तो यह डूबती नाव और नीचे जाएगी। यूपी में समाजवादी पार्टी पहले ही गठबंधन पर पुनर्विचार कर रही है, और बिहार की लहर का असर वहाँ भी महसूस होने लगा है। बिहार का नतीजा सिर्फ एक हार नहीं, एक चेतावनी है। या तो कांग्रेस अब आत्ममंथन कर जाग जाए, या इतिहास की किताब में एक हाशिया बनकर रह जाए।

**पीटर पेन 1902 में लिखे एक उपन्यास का नायक है।**

राहुल गांधी की छवि की तुलना अकसर पीटर पैन से की जाती है, वह काल्पनिक लड़का जो बड़ा होने से इंकार करता है। जैसे पीटर पैन कभी-कभी ज़िम्मेदारियों से बचते हुए रोमांच और आदर्शवाद की दुनिया में खोया रहता है, वैसे ही आलोचक कहते हैं कि राहुल गांधी भी राजनीति की कठोर यथार्थवादी दुनिया में पूरी तरह परिपक्व नेता की भूमिका अपनाने से हिचकते नजर आते हैं। पीटर पैन की बाल सुलभ ऊर्जा उसे नेवर ओल्ड का नायक बनाती है।

**ब्रज खंडेलवाल (लेखक के निजी विचार)**



# किसी 'औषधि' से कम नहीं है दही और चिया सीड्स का मिश्रण

## रोज खाने से नस-नस में भर जाती है ताकत

**आज के समय में बहुत से लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हैं और चिया सीड्स का सेवन कर रहे हैं। बहुत से लोगों को अक्सर ऐसे सुपरफूड्स की तलाश रहती है जो कम समय में हमारे शरीर को भरपूर पोषण दे सकें। ऐसा ही एक मिश्रण है दही और चिया सीड्स का मिश्रण। यह कॉम्बिनेशन किसी 'औषधि' से कम नहीं है, जिसे रोज सुबह नाशते में खाने से आपके शरीर की नस–नस में ताकत भर जाती है।**

दही प्रोबायोटिक्स यानी अच्छे बैक्टीरिया, कैल्शियम और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन का शानदार स्रोत है, जो हमारे पाचन तंत्र और हड्डियों को मजबूत करता है। वहीं छोटे से दिखने वाले चिया सीड्स ओमेगा–3 फैटी एसिड, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स का पावरहाउस हैं। जब इन दोनों को मिलाया जाता है, तो ये एक 'औषधी' का काम करते हैं जो आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करता है, हड्डियों को फौलादी बनाता है और आपके दिल के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखता है।

यह मिश्रण विशेष रूप से उन लोगों के लिए बेहतरीन है जो मांसपेशियों को मजबूत करना चाहते हैं, या पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि दही और चिया सीड्स दोनों बहुत किफायती दाम पर बाजारों में आसानी से उपलब्ध हैं। इसलिए आइए इसके फायदों के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**हड्डियों को मजबूत बनाए**

दही कैल्शियम और विटामिन डी का एक बेहतरीन स्रोत है, जो हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने के लिए अनिवार्य हैं। चिया सीड्स इसमें मैग्नीशियम और फास्फोरस जोड़ते हैं। इन चारों पोषक तत्वों का संयोजन हड्डियों की मजबूती के लिए एक 'संपूर्ण पैकेज' है।

**हृदय स्वास्थ्य के लिए उत्तम**

चिया सीड्स ओमेगा–3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इस मिश्रण का रोज सेवन हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है।



**पाचन और इम्यूनिटी का रक्षक**

दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स आंतों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, कब्ज को दूर करते हैं और पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ाते हैं। चिया सीड्स का फाइबर भी पाचन को मजबूत करता है। स्वस्थ आंतें सीधे आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करती हैं।

**ऊर्जा और वजन प्रबंधन में सहायक**

दही का प्रोटीन और चिया सीड्स का फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखते हैं, जिससे आपको जल्दी भूख नहीं लगती। यह मिश्रण शरीर को स्थिर और धीमी गति से ऊर्जा प्रदान करता है, जो वजन प्रबंधन और टाइप 2 डायबिटीज के नियंत्रण में सहायक होता है।



# अभिनेत्री श्रेया सरन ने प्रतिरूपणकर्ता को दी चेतावनी

**कहा–समय बर्बाद मत करो, जीवन जियो**

अभिनेत्री श्रेया सरन ने सोशल मीडिया पर अपने नाम से बनाई गई एक फर्जी प्रोफाइल का खुलासा करते हुए लोगों को सचेत किया है। अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक पेज पर पोस्ट साझा कर कहा कि कोई व्यक्ति उनके नाम और फोटो का उपयोग कर लोगों से संपर्क कर रहा है, जो पूरी तरह गलत है। श्रेया ने लिखा कि यह व्यक्ति न तो उनका नंबर है, न ही यह प्रोफाइल उनसे जुड़ी है। उन्होंने कहा कि दूसरों का समय बर्बाद करने की बजाय ऐसे लोग अपनी ऊर्जा किसी सकारात्मक कार्य में लगाएँ। अभिनेत्री ने हल्के अंदाज में यह भी लिखा कि फर्जी प्रोफाइल से संपर्क किए जाने पर कुछ लोग उनसे जुड़ने की गलती से उम्मीद कर बैठते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। फिल्म जगत में उनकी आगामी परियोजना की बात करें तो श्रेया सरन निर्देशक आनंद कृष्णन की नई फिल्म नॉन वायलेंस में एक विशेष नृत्य प्रस्तुत करती दिखाई देंगी। यह फिल्म 90 के दशक के मदुरै की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब पोस्ट-प्रोडक्शन का कार्य जारी है। इसमें मेट्रो शिरीष, बॉबी सिम्हा, योगी बाबू, अदिति बालन, गरुड़ राम और आदित्य कथिर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के निर्माता दल ने बताया कि 90 के दशक के माहौल को प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत करने के लिए सेट, वेशभूषा और लोकेशन पर विशेष ध्यान दिया गया है।



# श्वेता तिवारी की दो शादियों का विवाद और अकेले दम पर आगे बढ़ने की कहानी

टेलीविजन अभिनेत्री श्वेता तिवारी अपनी पेशेवर सफलता के साथ-साथ निजी जीवन के संघर्षों को लेकर भी सुर्खियों में रही हैं। दो शादियाँ और दोनों में विवाद–इसके बावजूद उन्होंने खुद को एक सशक्त सिंगल मदर के रूप में स्थापित किया है। श्वेता की पहली शादी 1998 में अभिनेता राजा चौधरी से हुई थी। कुछ वर्षों बाद उनके रिश्ते में गंभीर मतभेद उत्पन्न हो गए। अभिनेत्री ने उन पर घरेलू हिंसा और शराब की लत जैसे आरोप लगाए। 2007 में उन्होंने तलाक की अर्जी दी, जो 2012 में पूरी हुई। इस समझौते के तहत उन्हें मुंबई का एक फ्लैट सौंपना पड़ा। श्वेता ने इसे अपनी आजादी की कीमत बताया था। इसके बाद उन्होंने 2013 में अभिनेता अभिनव कोहली से विवाह किया। उनका बेटा रेयांश 2016 में हुआ। हालाँकि यह रिश्ता भी विवादों में घिर गया। 2019 में श्वेता ने अभिनव के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया और सीसीटीवी फुटेज भी पेश की। हाल ही में उनके पहले पति राजा चौधरी ने कुछ नए दावे कर विवाद को फिर हवा दे दी, जिन पर अभिनेत्री ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसके बावजूद श्वेता तिवारी अपने दोनों बच्चों की परवरिश और काम के बीच संतुलन कायम रखते हुए मजबूती के साथ आगे बढ़ रही हैं।

**गाँव की अनोखी परंपराः**

# अमिताभ बच्चन की फिल्मों से शुरू होती है नए बच्चे की खुशियाँ

अभिनेता जयदीप अहलावत ने कौन बनेगा करोड़पति के मंच पर एक विशिष्ट परंपरा का ज़िक्र करते हुए बताया कि उनके गाँव में बच्चे के जन्म पर खुशी मनाने का तरीका बेहद अनोखा है। गाँव में जब भी कोई शिशु जन्म लेता है, तो जश्न के दौरान अमिताभ बच्चन की लोकप्रिय फि ल्में जैसे–दीवार, जंजीर और डॉन अवश्य दिखाई जाती थीं। जयदीप ने कहा कि इसी परंपरा की वजह से उन्होंने इन फि ल्मों को सौ से अधिक बार देखा होगा। उन्होंने बताया कि शोले का संवाद और संगीत भी हर बड़े त्योहार का मुख्य आकर्षण रहता था। गाँव में त्योहारों के दौरान पूरा समुदाय एक साथ बैठकर पूरी कैसेट सुनता था। कार्यक्रम में अभिनेता मनोज बाजपेयी और शारिब हाशमी भी मौजूद थे। मनोज बाजपेयी ने अमिताभ बच्चन से अपनी पहली मुलाकात का भावुक अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह उस समय इतने अभिभूत हो गए थे कि उनसे कुछ बोल भी नहीं पाए। उन्होंने बताया कि जब बच्चन ने उनसे बातचीत की और हाथ थामा, तो उन्हें अपने आसपास कुछ सुनाई ही नहीं दिया। मनोज के अनुरोध पर बच्चन ने उन्हें गले भी लगाया, जिसे अभिनेता ने अपनी जिंदगी का अविस्मरणीय पल बताया। कार्यक्रम के मंच पर भी यह दृश्य एक बार फिर देखने को मिला।



‘कोच थोड़ी जाकर खेल रहा है’

# पिच विवाद के बीच गंभीर को मिला समर्थन, पूर्व क्रिकेटर ने आलोचकों को दिया जवाब



**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच ने क्रिकेट जगत में बड़ी बहस छेड़ दी है। 124 रनों के छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय बल्लेबाजों का अचानक ढह जाना और तीन दिन में मैच का खत्म हो जाना कई सवाल छोड़ गया। इसी बीच पिच को लेकर विवाद गहराया, जहां कई विशेषज्ञों ने टीम मैनेजमेंट पर उंगली उठाई। भारत के कोच गौतम गंभीर ने बयान दिया कि टीम को वही विकेट मिला जिसकी उन्होंने मांग की थी और पिच में ऐसा कुछ नहीं था जो अनप्लेएबल कहा जाए। जहां पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने पिच चयन को लेकर टीम मैनेजमेंट पर सवाल उठाए, वहीं पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने गंभीर का मजबूती से पक्ष लिया। उथप्पा ने साफ कहा कि हार के लिए कोच को जिम्मेदार ठहराना सरासर गलत है। उन्होंने एक लाइव सेशन में कहा, कोच थोड़ी जा कर खेल रहा है अंदर। उथप्पा ने यह भी कहा कि नतीजों से सीधे कोच को दोष देना उचित नहीं है। उथप्पा ने आलोचकों पर तंज कसते हुए कहा कि जब राहुल द्रविड़ जैसे महान खिलाड़ी को सवालों के घेरे में लाया जा सकता है, तो किसी भी कोच को ट्रोल करना अब आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि इतने हजार अंतरराष्ट्रीय रन बनाना आसान नहीं होता, लेकिन लोग फिर भी द्रविड़ जैसे दिग्गजों पर अंगुलियां उठाते हैं।

### घरेलू क्रिकेट में पिचों को लेकर अलग नियम क्यों?

उथप्पा ने एक और अहम मुद्दा उठाया। उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पिचों के बीच दोहरे मानदंड को लेकर सवाल किए। उन्होंने कहा, हमने घरेलू टूर्नामेंट्स में तटस्थ क्यूरेटर बुलाए और नियंत्रित किया कि हम किस तरह के विकेट तैयार करने वाले हैं। क्योंकि अगर कोई मैच दो दिन में खत्म हो जाता था, तो ग्राउंड्समैन और एसोसिएशन को फटकार लगाई जाती थी। लेकिन यहां तो मैच ढाई दिन में खत्म हो रहे हैं। हालांकि, रणजी ट्रॉफी में आप इस तरह के विकेटों को मना कर देते हैं।

### घरेलू स्तर पर स्पिन खेलना होगा

उथप्पा ने कहा, रणजी में टर्निंग ट्रैक्स बनाने को हतोत्साहित किया जाता है। अगर आप लगातार टर्निंग पिच तैयार भी कर रहे हैं, जहां तीसरे और चौथे दिन काफी टर्न होगा, तो भी आप ऐसे बल्लेबाज तैयार कर सकते हैं जो स्पिन के खिलाफ अच्छा खेल सकें। पिछले 10 वर्षों में हमें ऐसा करने से रोका गया है और आप खिलाड़ियों को स्पिन को अच्छी तरह से न खेलने के लिए फटकार लगा रहे हैं। अगर खिलाड़ी घरेलू स्तर पर स्पिन नहीं खेलेंगे, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे टिक पाएंगे?

# ग्रुप बी से भारत-पाकिस्तान अंतिम-4 में पहुंचे

## सेमीफाइनल के अन्य दो दावेदारों का आज होगा फैसला

**दोहा।** भारत ए ने ओमान ए को छह विकेट से हराकर एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ग्रुप बी से अंतिम-चार के लिए क्वालिफाई करने वाली भारत ए टीम दूसरी टीम बन गई। इससे पहले पाकिस्तान शाहीन्स ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। मंगलवार को दोहा में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान ने 20 ओवर में सात विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में भारत ए ने 17.5 ओवर में ही 138 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए हर्ष दुबे ने नाबाद अर्धशतक जड़ा।




जितेश शर्मा की अगुआई में भारत ए ने ग्रुप चरण में खेले तीन में दो मुकाबले जीते और चार अंक तथा 1.979 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं, पाकिस्तान अपने तीनों मुकाबले जीतकर शीर्ष पर रही।

उसके खाते में छह अंक हैं और नेट रन रेट 4.560 का है। सेमीफाइनल में भारत का सामना ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम से होगा, जबकि पाकिस्तान का दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। दोनों सेमीफाइनल के मुकाबले 21 नवंबर को इसी मैदान पर खेले जाएंगे। पहला मैच दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा जबकि दूसरा मुकाबला शाम आठ बजे से खेला जाएगा।

### हर्ष का नाबाद पचासा जीत का सूत्रधार

137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत अच्छी नहीं हुई। पहला झटका 17 के स्कोर पर लगा। शाफिक जान ने प्रियांश आर्या को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 10 रन बना पाए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी भी जय ओडेड्रा का शिकार बन गए। वह 12 रन बनाकर लौटे। भारत की इस जीत में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हर्ष दुबे ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने महज 41 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद 44 गेंदों में 53 रनों की धमाकेदार नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। इसमें उनका साथ नमन धीर (30) और नेहल वढेरा (23) ने दिया। ओमान के लिए ओडेड्रा, शाफिक, समय और आर्यन ने एक-एक विकेट लिए।

### ओमान की पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान को करन सोनावले और हम्माद मिर्जा ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी हुई। विजयकुमार विशक ने कप्तान मिर्जा को अपना शिकार बनाया। वह 32 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए वसीम अली ने मोर्चा संभाला और 54 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम का स्कोर 130 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, ओमान के तीन बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए जबकि दो बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। इस दौरान भारत के लिए गुरजपनीत सिंह और सुयश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए जबकि विजयकुमार विशक, हर्ष दुबे और नमन धीर को एक-एक सफलता मिली।

विश्व मुक्केबाजी कप

# प्रीति ने किया बड़ा उलटफेर, ओलंपिक पदक विजेता हुआंग सियाओ वेन को हराया

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स 2025 में मंगलवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता और तीन बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ-वेन को प्रीति पवार (54 किग्रा) ने हराकर फाइनल में प्रवेश किया। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुए फाइनल में प्रीति ने अरुंधति चौधरी, मीनाक्षी हुड्डा, अभिनाश जामवाल, अंकुश फंगल, नुपुर श्योराण, नरेंद्र बेरवाल, और परवीन सहित आठ भारतीयों के साथ फाइनल में जगह बनाई। हुआंग सियाओ-वेन के खिलाफ जीत के बाद प्रीति ने कहा, "मुझे पता था कि वह विश्व चैंपियन हैं, लेकिन विश्व चैंपियन बनने के लिए आपको एक विश्व चैंपियन को हराना होगा। मुकाबले से पहले मेरी यही सोच थी। मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था। दर्शकों ने जिस तरह मेरा समर्थन किया, उस वजह से ही जीत दर्ज कर पाई। अरुंधति ने 2025 विश्व




मुक्केबाजी कप के तीनों चरणों की पदक विजेता जर्मनी की लियोनी मुलर को हराया। पूर्व युवा विश्व चैंपियन और स्ट्रैंड्जा पदक विजेता, अरुंधति, डेढ़ साल के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। उन्होंने शुरूआती दोनों राउंड में पूरी आक्रामकता के साथ जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) ने कोरिया की बाक चो-रोंग पर शानदार जीत दर्ज की। दो बार के विश्व मुक्केबाजी कप पदक विजेता अभिनाश (65 किग्रा) ने यूक्रेन के एल्विन अलीएव को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। नरेंद्र (90+ किग्रा) ने भी कजाकिस्तान के दानियाल सपारबे के खिलाफ अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फाइनल में प्रवेश किया। अंकुश (80 किग्रा) ने अपनी गति और दबाव से ऑस्ट्रेलिया के मार्लन सेवेहोन को 5:0 से हराया। नुपुर (80+ किग्रा) ने यूक्रेन की मारिया लोवचिन्स्का को हराया।

## बुधवार, 19 नवम्बर राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। व्यापार करने वाले जातकों को आज लाभदायक डील मिलेगी। आपके कारोबार में तेजी रहने से मन प्रसन्न होगा। आपको आज राजकीय क्षेत्र से भी लाभ और सम्मान मिल सकता है। भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति होगी।

वृषभ राशि के जातको के लिए आज बुधवार का दिन सूर्य बुध की युति से शुभ फलदायी होगा। आपको कार्यक्षेत्र में आज विस्तार का योग बना हुआ है। किसी योजना के सफल होने की खुशी मिलेगी। परिवार के साथ आज किसी धार्मिक अथवा मनोरम स्थान की यात्रा का संयोग बन सकता है।

आज बुधवार का दिन मिथुन राशि के लोगों के लिए लाभदायक होगा। व्यवसाय के लंबित कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे लेकिन इसके लिए आपको काफी प्रयास करना होगा। आपके नौकरी से जुड़े जातकों को आज वो काम करने को मिलेगा जो वह दिल से करना चाहते हैं।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन चंद्रमा के शुभ गोचर से आपके लिए लाभकारी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपके मनोनुकूल माहौल बना रहेगा। आपको आज सहकर्मियों और सहयोगियों से भी पूरा सहयोग मिलेगा। आपके शत्रु आपका कुछ अहित नहीं कर पाएंगे।

सिंह राशि के लिए आज बुधवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने कार्यक्षेत्र मे सजग होकर काम करना होगा। कुछ नई जिम्मेदारी और काम अचानक आने से आप मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं। शारीरिक रूप से आप आज थकान महसूस कर सकते हैं।

आज का दिन बुध की कन्या राशि के जातको के लिए उत्साहवर्धक रहेगा। आज आपके परिवार में कुछ मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा और आयोजन होने की संभावना है। आपको अपने पिता से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध सुधरेंगे।

ला राशि के लिए आज सितारे बताते है कि, आपके कार्यक्षेत्र में आज सकारात्मक स्थिति रहेगी। कोई चल रही परेशानी दूर होगी। किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी आपको आज मिल सकती है। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला चल रहा है तो आज उसमें आपको संयम से काम लेना होगा।

वृश्चिक राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आर्थिक मामले में आप आज संयमित होकर काम करेंगे। अनावश्यक खर्च पर आज कंट्रोल कर पाएंगे। काफी समय से फंसा हुआ पैसा आज आपके हाथ लग सकता है।

धनु राशि के जातको के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। कोई उलझन आज सुलझ सकती है। शाम तक आपको कोई ऐसी खबर मिल सकती है जिसका आपको इंतजार रहेगा। व्यवसाय के नए अवसर प्राप्त होंगे। रोजमर्रा के कामों के अलावा आज आप कुछ नए कामों में हाथ आजमा सकते हैं।

मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। अगर आपने पार्टनरशिप में कोई व्यापार किया है तो आपको आज लाभ मिलेगा। साझेदारो से भी आपको आज सहयोग मिल सकता है। आज आप घर के काम में जीवनसाथी की मदद कर सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मधुर बनेगा।

कुंभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा। कोई दबी हुई समस्या आज फिर से सामने आ सकती है जिससे आपको परेशानी हो सकती है। व्यापार करने वाले जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

मीन राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज कामकाज में सतर्क रहना होगा। जोखिम लेने से पहले आपको सभी पक्षों पर विचार कर लेना चाहिए। आपको आज परिवार के सदस्यों से सहयोग मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# आगरा बनेगा होम्योपैथी का हब
## देशभर के चिकित्सकों का होगा समागम

- द्वितीय ऑल इंडिया होम्योपैथिक कांग्रेस में प्रस्तुत होंगे उच्च स्तरीय शोध और वैज्ञानिक अध्ययन

एनएनआई



**आगरा।** ताजनगरी आगरा एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर चमकने जा रही है। होम्योपैथिक चिकित्सा जगत के दिग्गज चिकित्सक 10-11 जनवरी को आगरा में जुटेंगे, जहां होम्योपैथी के आधुनिक शोध, नवाचार और वैज्ञानिक अध्ययनों पर देशभर के विशेषज्ञ अपने महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन आगरा को चिकित्सा अनुसंधान की नई ऊर्जा और राष्ट्रीय पहचान प्रदान करेगा। आयोजन का उद्घोषणा समारोह आवास विकास स्थित सेल्फी रेस्टोरेंट में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के जॉइंट सेक्रेटरी जनरल डॉ. पार्थसारथी शर्मा ने बताया कि विगत दिनों कोलकाता में आयोजित एनईसी बैठक में आइडियल होमियोपैथिक वेल्फेयर ऑर्गनाइजेशन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि द्वितीय ऑल इंडिया होम्योपैथिक कांग्रेस इस वर्ष आगरा में आयोजित की जाएगी। कांग्रेस का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन हरीपर्वत स्थित एमडी जैन आचार्य शांति सागर सभागार में होगा। इसकी तैयारियों को लेकर आयोजन समिति सक्रिय हो गई है। लीडर्स आगरा के महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि ये आगरा के लिए गौरव की बात है कि आइडियल होमियोपैथिक वेल्फेयर ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जे. एन. सिंह रघुवंशी ने आगरा के विश्व रिकॉर्डधारी होम्योपैथिक चिकित्सक व संगठन के जॉइंट सेक्रेटरी जनरल डॉ. पार्थसारथी शर्मा को आयोजन सचिव नियुक्त किया है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए लीडर्स आगरा को सहयोगी संस्था के रूप में जोड़ा गया है। स्वागत समिति के अध्यक्ष एवं अहिंसा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित जैन ने कहा कि होम्योपैथी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है और इस महत्वपूर्ण कांग्रेस के माध्यम से देशभर के विद्वान चिकित्सकों का स्वागत करना गौरव का विषय है। यह राष्ट्रीय कांग्रेस होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में शोध, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टि को नई दिशा प्रदान करने वाला होगा। इस अवसर पर डॉ चारु शुक्ला, डॉ पीयूष शर्मा, डॉ आर्यमन शर्मा, हरिकांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 21 नवंबर से होगा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव

- आयोजकों ने विवरण पत्रिका जारी कर आगरा व जलेसरवासियों सहित सभी भक्त श्रद्धालुओं को दिया भाव भरा निमंत्रण

एनएनआई



**आगरा।** भगवान नेमीनाथ स्वामी और आचार्य विमल सागर महाराज के अतिशय क्षेत्र कोसमा (जलेसर) की पावन भूमि पर आचार्य चैत्य सागर महाराज के आशीर्वाद से 46 हजार वर्ग फुट के विशाल रमणीय परिसर में अरिष्टिनिवारक चंद्रप्रभ दिगंबर जैन नवग्रह मंदिर के रूप में अलौकिक वात्सल्य नवोदय तीर्थ तैयार हो गया है।

यहाँ पूज्य आचार्य चैत्य सागर जी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में 21 नवंबर से पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव का दिव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंगलवार को कमला नगर स्थित होटल पार्कलेन में आयोजकों द्वारा कार्यक्रम विवरण पत्रिका जारी कर आगरा व जलेसरवासियों सहित सभी भक्त श्रद्धालुओं को भाव भरा निमंत्रण दिया गया। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के संयोजक पूर्व पार्षद उमेश जैन 'नॉटी' ने इस अवसर पर सभी भक्त श्रद्धालुओं को आमंत्रित करते हुए कहा कि जंगल में मंगल हो रहा है। कोसमा की पुण्य प्रदाता अतिशय भूमि पर धार्मिक अनुष्ठान के रूप में तीर्थ महाकुंभ का अतिशय देखने के लिए वात्सल्य नवोदय तीर्थ पधार कर धर्म लाभ अर्जित करें।

अध्यक्ष सुशील जैन व सहअध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि महोत्सव में डॉ. आनंद प्रकाश शास्त्री (कोलकाता) प्रतिष्ठाचार्य की भूमिका का निर्वाह करेंगे। 21 से 27 नवंबर तक हर दिन सुबह 8:00 बजे से रात 7:00 बजे तक विभिन्न अनुष्ठान होंगे। महामंत्री पंकज भुज ने बताया कि 21 नवंबर को घट यात्रा एवं अन्य कार्यक्रम, 22 नवंबर को ध्वजारोहण पूर्वार्द्ध महायज्ञ, 23 नवंबर को गर्भकल्याणक उत्तरार्द्ध, 24 नवंबर को जन्म कल्याणक, 25 नवंबर को तप कल्याणक, 26 नवंबर को केवलज्ञान कल्याणक और 27 नवंबर को निर्वाण कल्याणक (रथ यात्रा) का दिव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्याध्यक्ष राजेंद्र जैन एडवोकेट, सह कोषाध्यक्ष अनंत जैन, रवीन्द्र बज (जयपुर), पूर्व डिप्टी मेयर अशोक जैन, सुधीर जैन, निर्मल जैन, अशोक जैन एत्मादपुर, रमेश चंद जी राशन वाले, मनोज बाकलीवाल, सुशील जैन मास्टर साब भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# एकता पद यात्रा से दिया एकता और अखंडता का संदेश

- 150 वीं जन्म जयंती पर पद यात्रा निकालकर जन जन तक सरदार पटेल को पहुंचाने का श्रेष्ठ कार्य किया

एनएनआई



**आगरा।** महानगर की उत्तर विधानसभा की सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकली एकता पद यात्रा में कार्यकर्ताओं ने दिया एकता और अखंडता का संदेश। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री एस. पी सिंह रहे।

भाजपा उत्तर विधानसभा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल के नेतृत्व में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में बड़ी धूमधाम से एकता पद यात्रा निकाली गई, जिसमे रूट पर तिरंगे झंडे एवं सरदार पटेल के चित्रों को हाथों में थामकर, बैंड बाजों के साथ महिला,युवा एवं पुरुष कार्यकताओं द्वारा बड़े जोश से पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री एस. पी सिंह बघेल,विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल,भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,वरिष्ठ नेता शिवशंकर शर्मा, टी एन अग्रवाल,अरुण पाराशर, ओम प्रकाश सागर आदि ने भारत माता की जय नारा लगाकर किया । सरदार पटेल जिंदा बाद,भारत माता की जय आदि नारे लगाते हुए यात्रा कुशवाह बगीची तोता का ताल से आरम्भ हुई जो मदिया कटरा, आलमगंज, लोहमंडी चौराहा होते हुए सरदार पटेल बगीची जगदीशपुरा रोड पर समाप्त हुई। रस्ते में सभी व्यापारी बंधुओ, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, कुर्मी समाज,जैन समाज,वैश्य समाज,कुशवाह समाज,जाटव समाज ,मुस्लिम समाज,वाल्मीकि समाज, सहित सभी समाजों के प्रमुख लोगो द्वारा पुष्प वर्षा एवं दुपट्टे,माला पहनाकर यात्रा एवं यात्रा में चल रहे अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की हर लोकसभा और विधानसभा में देश के पहले ग्रह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती पर पद यात्रा निकालकर जन जन तक सरदार पटेल को पहुंचाने का श्रेष्ठ कार्य किया है। सरदार पटेल राष्ट्र की अखंडता,एकता और जनभागीदारी के नायक हैं।

विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि सरदार बल्लभ पटेल ने सशक्त, सुदृण एवं समृद्ध भारत की नींव रखी और भारत में 565 रियासतों को भारत में एकीकृत करने में असिस्मरणीय योगदान दिया। एकता यात्रा में भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,शिवशंकर शर्मा, टी एन अग्रवाल,डॉक्टर पार्थ सारथी शर्मा, ओम प्रकाश सागर,कमल सिंह वाल्मीकि,वैभव जैन, विजय भदौरिया, हरि बाबू,नवल तिवारी, महेश शर्मा,नीरज गुप्ता, राहुल सागर, नवीन गौतम, शरद चौहान, ललित चतुर्वेदी, दीपक ढल, रोहित कत्याल, टी एन चौहान, अमित पटेल, राहुल जैन, योगेश दिवाकर, राकेश शर्मा, शिव शैलेंद्र सिंह, पार्षद प्रदीप अग्रवाल, पार्षद अनुराग चतुर्वेदी, पार्षद निरंजन सिंह, पार्षद पूजा बंसल,पार्षद प्रवीणा राजावत, पार्षद गौरव शर्मा, भरत शर्मा,प्रेम दास, वेद गोस्वामी, वीरेंद्र लोधी,हेमंत प्रजापति, विक्रांत सिंह,गिर्राज बंसल, गीता सिंह,गजेन्द्र पिपल, विक्रांत तिवारी, मनमोहन कुशवाह, वरुण पाराशर,उपमा गुप्ता, कुंदनिका शर्मा,कुमकुम उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# केंद्रीय कारागार में लगाया विधिक जागरूकता शिविर

- निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के निराकरणके लिए दिए निर्देश

एनएनआई




**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देश पर जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में मंगलवार को केंद्रीय कारागार में विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही बैरकों का निरीक्षण किया गया। शिविर में उपस्थित निरूद्ध बंदियों को जानकारी प्रदान की गई कि वह अब माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद/लखनऊ के द्वारा पारित निर्णयों की इंग्लिश के आदेशों को अब हिंदी में भी अपलोड किया जाएगा, ताकि पक्षकार अपने आदेशों एवं निर्णय को पढ़ सकेगा। साथ ही केंद्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध बंदियों को सर्दी से बचाव के लिए अधीक्षक केंद्रीय कारागार आगरा को निर्देशित किया गया कि निरूद्ध बंदियों को सर्दी से बचाव के लिए उचित प्रबंध करें साथ ही निरुद्ध बंदियों को गर्म कपड़े भी अविलंब उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त डॉ दिव्यानंद द्विवेदी, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के द्वारा निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को भी सुना गया। समस्याओं के निराकरण किया जाने के लिए अधीक्षक, केंद्रीय कारागार, आगरा को निर्देशित भी किया गया।

# आठ बोगस फर्मों से 18.27 करोड़ रुपए की हेराफेरी
## दस्तावेजों में दिए गए पते पर फर्मों का आफिस नहीं मिला



**आगरा (एनएनआई)।** आगरा में कागजों में बोगस फर्म बनाकर करोड़ों रुपए के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) के गोलमाल को राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) विभाग ने पकड़ा है। आठ बोगस फर्मों से 18.27 करोड़ रुपए की हेराफेरी की है। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) में पंजीकृत इन फर्मों की लंबे समय तक एसजीएसटी ने रेकी की। दस्तावेजों में दिए गए पते पर फर्मों का आफिस नहीं मिला। बिना वास्तविक खरीद-फरोख्त के कागजों में कारोबार दिखाते हुए फर्मों ने आइटीसी पास आन की थी। विभाग ने सभी फर्मों के विरुद्ध लोहामंडी थाना में मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।एसजीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा ने लखनऊ मुख्यालय के निर्देश पर सीजीएसटी में पंजीकृत 10 फर्मों की रेकी जुलाई में शुरू की थी। जांच में पाया गया कि इनमें आठ फर्म वास्तविक आपूर्ति के बगैर ही आईटीसी पास आन रही थी, दो बोगस फॉर्म महेश ट्रेडर्स और एस के संस ने आईटीसी पास ऑन नहीं थी, अन्य आठ हिमांशु इंटरप्राइजेज, जाधव ट्रेडर्स, दिनेश ट्रेडर्स, प्रकाश ट्रेडर्स, संकल्प ट्रेडिंग, सवराज ट्रेडर्स, मूनलाइट ट्रेडर्स और अंश ट्रेडर्स ने 18.27 करोड़ रुपए की आइटीसी पास आन की। जांच में फर्जीवाड़ा साबित होने के बाद एसजीएसटी विभाग ने धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर विभाग को में राजस्व पहुंचाने के मामले लोहामंडी थाना में शनिवार को तहरीर दी थी। अपर आयुक्त ग्रेड वन पंकज गांधी ने बताया कि बोगस फर्मों ने प्रदेश के बाहर दूसरे राज्यों में पंजीकृत फर्मों को भी आइटीसी पास आन कर अनुचित लाभ पहुंचाया है। आइटीसी ब्लाक करा दी गई है। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि बोगस फर्मों के विरुद्ध पांच मुकदमे दर्ज किए गए हैं। विवेचना की जा रही है।